हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 27 मार्च 2024



11 रिश्तों में मजबूती के लिए सहनशीलता...





12 दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में ...




## खबर संक्षेप



भिवानी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते सदस्यगण।

### अधिवक्ता बृजमोहन बने भाविप के शाखा अध्यक्ष

**भिवानी।** भगवती धर्मशाला में भारत विकास परिषद् शाखा भिवानी द्वारा होली परिवार मिलन एवं दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर अतिथि डॉ. धर्मवीर ढिल्लो, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोपाल कृष्ण पोपली, प्रांतीय संगठन सचिव अशोक शर्मा, रेखा गुप्ता, बृजमोहन, ललित शर्मा, सतीश लिखा ने मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित तथा द्वीप प्रज्ज्वलित करके की।

### चुनाव खर्च का लेखा-जोखा रखने को अधिकारी नियुक्त

**भिवानी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने आम लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी करवाने के लिए विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई हैं। सभी अधिकारियों को उनकी ड्यूटी के बारे में निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार खर्चा मानिटिंर्ग सेल का ऑल ऑवर इंचार्ज हुडा का एस्टेट आफिसर विजया मलिक की ड्यूटी लगाई गई है।

### सड़क लेवल को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

**भिवानी।** गांव देवसर मोड़ से लेकर गांव दिनोद तक बनाई जा रही सड़क पहले के लेवल से एक से डेढ़ फुट ऊंचा किए जाने के विरोध में ग्रामीण कर्णसिंह, अनिल, सपताल, उमां तंवर, सौरभ आदि ने पीडब्ल्यूडी बीएंड आर विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव देवसर मोड़ से लेकर गांव दिनोद तक जो सड़क बनाई जा रही, उसका लेवल पहले से एक से डेढ फुट ऊंचा किया जा रहा है, जो गलत है। लेवल ऊंचा करने से मकान व दुकान नीचे पड़ गए हैं।

# कॉलोनियों में सीवरेज व पेयजल समस्या को लेकर मचा हाहाकार

## पार्षदों ने एसई को सौंपा मांगपत्र, वार्ड 13, 14, 15, 16 व 20 में पेयजल किल्लत

- पांच वार्डों की आठ कॉलोनियों के लोग सीवर व पेयजल समस्या से परेशान
- हजारों नागरिकों की समस्या से मुंह फेरे बैठे अधिकारी, क्षेत्रवासियों में बना रोष : पार्षद
- समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों के साथ प्रदर्शन करेंगे पार्षद : रंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर के वार्ड नंबर-13, 14, 15, 16 व 20 में इन दिनों पेयजल व सीवरेज की समस्या बनी हुई है, जिसके चलते इन वार्डो के लोग अनेक परेशानियों का सामना करने को मजबूर हैं तथा प्रशासन से समस्या के समाधन की गुहार लगा रहे है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी नागरिकों की समस्या से मुंह फेरे बैठे है, जिसके विरोध में मंगलवार को विभिन्न वार्डो के पार्षदों ने जनस्वास्थ्य विभाग के एसई को मांगपत्र सौंपा तथा जल्द समाधन की गुहार लगाई। मांगपत्र सौंपते हुए पार्षद प्रदीप कौशिक, जयवीर सिंह रंगा, अंकुर कौशिक, मदन तंवर व अनिल चौहान ने बताया कि वार्ड नंबर-13, 14, 15, 16 व 20 के तहत पीपलीवाली जोहड़ी, अंबेडकर कॉलोनी, ढ़ाणा रोड, फूलादेवी स्कूल, हनुमान गेट, भाठ कॉलोनी, सेवानगर, अमर नगर टिब्बा बस्ती में हजारों नागरिक निवास करते है। इन कॉलोनियों में पिछले कई दिनों पेयजल की किल्लत बनी हुई है, यहां पर कई-कई दिनों तक पानी नहीं आता और आता भी है तो सीवर का गंदा पानी मिक्स होकर आता है, जिसकारण क्षेत्र में बीमारियों फैलने का अंदेशा बना हुआ हैं। क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में पार्षदों ने एसई को मांगपत्र सौंपते हुए चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।





भिवानी। समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते पार्षद और ठप सीवरेज व्यवस्था के कारण गली में जमा गंदे पानी से बचकर निकलने का प्रयास करता क्षेत्रवासी।

### दो-दो फुट तक जमा है सीवरेज का गंदा पानी

पार्षदों ने बताया कि वार्डों की अनेक कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई हैं। क्षेत्र की गलियों में दो-दो फुट तक सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है, जिसके चलते पूरे दिन दुगंर्ध व बदबू आती हैं। वहीं गंदे पानी की वजह से महामारी फैलने का भय है। वहीं क्षेत्रवासियों को कॉलोनी में आवागमन करने में ईंटों के सहारा निकलना पड़ रहा हैं। इन पांच वार्डो की कॉलोनियों के हजारों नागरिकों की समस्या की तरफ प्रशासनिक अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे, जिसके चलते लोगों में रोष बना हुआ है।

## सीवर लाइन डालने को चार माह पहले खोदा गड्ढा बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

सेक्टर-13 के लोगों को सीवरेज की समस्या से निजात दिलाने को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा चार माह पहले सीवरेज की पाइप लाइन डलवाने के लिए गड्ढा खुदवाया था, लेकिन सेक्टरवासियों को राहत दिलाने के लिए शुरू किया कार्य अब सेक्टरवासियों के लिए परेशानी का सबब एवं गले की फांस बन गया हैं, क्योंकि यहां न तो सीवर लाइन डालने का कार्य पूरा हुआ और न गड्ढे को बंद किया गया, जिसके चलते सेक्टरवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है तथा हवा के झोंको के साथ क्षेत्र में बदबूदार हवा का संचार हो रहा हैं।



### सीवर का गंदा पानी जमा होने से आती है दुर्गंध

सेक्टरवासियों ने कहा कि गड्ढे में सीवरेज का पानी जमा होने के कारण सेक्टर-13 में दुर्गंध का माहौल बना हुआ है, वहीं सीवर का पानी जमीन में जमा रहने के कारण मकान गिरने का भी भय बना है। उन्होंने कहा कि सड़क के बीचो-बीच गड्ढा होने के कारण राहगीरों का आना-जाना भी बंद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सेक्टरवासियों की समस्या की तरफ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारी कुंभकर्ण की नींद सोए है, जिसके चलते सेक्टरवासियों में खासा रोष है। उन्होंने समस्या के लिए समाधान के लिए अधिकारी से लेकर प्रधानमंत्री तक गुहार लगाई है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी है।

इसके विरोध में मंगलवार को दी भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेसर एसोसिएशन के प्रधान एवं आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा, सचिव डॉ. सतबीर कौशिक, सदस्य ताराचंद, डॉ. फूल, रामधन जांगड़ा, डॉ. दिनेश, विनोद गौड़, रघुबीर भुक्कल ने पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्याम सर्राफ, उपायुक्त नरेश नरवाल, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी को मांगपत्र सौंपकर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चार माह पहले सीवर पाइप लाइन डालने के लिए सेक्टर-13 में गड्ढा खोदा गया था और यहां छोटे पाइप डालने का प्रयास किया, जिसका सेक्टरवासियों ने विरोध किया व पाइप वापस भेजे गए। अब बड़े पाइप मंगवाए तो अधिकारी की गैरहाजिरी में ही बिना लेवलिंग पाइप लाइन डाली गई।



भिवानी। घरेलू सिलेंडर मिलने पर कार्रवाई करती सीएम फ्लाइंग व खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने की छापेमारी 184 घरेलू गैस सिलेंडर किए बरामद

- सीएम फ्लाइंग व खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने संचालक पर करवाया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मंगलवा को सीएम फ्लाइंग व खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम का एक्शन मोड देखने को मिला है। टीम ने छापेमारी कर देवनगर कॉलोनी गली नंबर 6 में 184 अवैध घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए, जिनमें से 78 खाली व 106 अवैध घरेलू गैस सिलेंडर भरे हुए मिले। फिलहाल सिलेंडरों को टीम ने कब्जे में लिया गया है। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना आधार पर देवनगर के गली नंबर 6 में छापेमारी की गई। खाद्य आपूर्ति विभाग से निरीक्षक बिजेन्द्र ने बताया कि छापेमारी कार्रवाई के दौरान 184 अवैध घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं तथा उन्हें अपने कब्जे में लेकर संचालक के खिलाफ पर्चा दर्ज किया है तथा आगामी करवाई जारी है, जिसमें सिलेंडरों के संबंध में संचालक से पूछताछ की जाएगी।

## इमरजेंसी में रक्तदान कर दो रक्तदाताओं ने बचाई जान

- रक्त का अंश देकर हम बचा सकते हैं किसी के परिवार का वंश: डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रक्तदान को न केवल महादान, बल्कि जीवनदान भी कहा गया है, इसी कड़ी में भिवानी में फाग के दिन दो अलग-अलग अस्पतालों में फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी तो टीम ने ब्लड मुहैया करवाया। अस्पताल में ओ नेगेटिव फ्रेश रक्त की जरूरत पड़ी तो संदीप सिंह देवसर से आए और रक्तदान किया।

वहीं दूसरे अस्पताल में ओ पॉजिटिव फ्रेश रक्त की जरूरत हुई तो जितेंद्र ने तुंरत पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तवीर राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्तदान समाज की बड़ी सेवा है, इसके द्वारा काफी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी या दुर्घटना के शिकार होकर पर अपने रक्त का अंश देकर किसी के परिवार का वंश बचाकर उस परिवार की खुशियां बरकरार रखी जा सकती हैं। इस अवसर पर डॉ. मंदीप पंघाल, रक्तवीर राजेश डुडेजा व राहुल तंवर ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व बैज लगाकर सम्मानित किया।



भिवानी। रक्तदाता को प्रमाण पत्र व बैज लगाकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

## सरकारी स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ, डीईईओ ने की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चे दाखिले ले इसके लिए सरकारी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी कड़ी में भिवानी के सेक्टर 13 स्थित राजकीय वमा विद्यालय, राजकीय माधमिक विद्यालय सेक्टर 13, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 23 में नामांकन उत्सव मनाया।

नामांकन करवाने वाले छात्रों को तिलक लगाकर सम्मानित किया। इस मोके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर बतौर मुख्यतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम में डीईईओ नागर ने कहा कि सरकारी स्कूलो में दाखिला प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू होगी, जिसकी नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल सुविधाओं से युक्त है, यहां हर प्रकार की बच्चों के लिये व्यवस्था की गई है। नागर ने कहा कि अध्यापक भी सरकारी स्कूलों में उच्च शिक्षायुक्त है। अध्यापकों से भी कहा कि वे इस बात का प्रचार ज्यादा से ज्यादा करें, इसके लिए उनकी टीम बनाई गई है, जो घर घर जाकर बच्चों के अभिभावकों से सरकारी स्कूलों में दाखिला करवाने का आह्वान करेंगे। सहायक परियोजना संयोजक विवेक अधलखा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक निपुण भारत मिशन के तहत छात्रों को कार्यक्रम की विशेष सुविधा प्रदान की। इस मोके पर राजकीय वमा विद्यालय सेक्टर 13 की प्राचार्या सुशीला कुमारी, राजकीय माधमिक विद्यालय सेक्टर 13 से सुमन, राजकीय प्राथमिक पाठशाला सेक्टर 13 व 23 से सुनीता देवी, कुसुमलता आदि उपस्थित थे।



भिवानी। कार्यक्रम में डीईईओ के साथ उपस्थित शिक्षक, विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## कोच पुत्र ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झटका गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही नजर आने लगते हैं, ऐसा ही अलखपुरा कोच सोनिका बिजारनिया व कोच विनय कुमार के लाडले उदयसिंह ने अपनी प्रतिभा के दमखम पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का कार्य किया है।

कोच विजय ने बताया कि 18 मार्च से 25 मार्च तक यूपी नोएडा के शहीद विजयसिंह पथिक स्टेडियम में सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा की तरफ से 37 भारवर्ग में उदयसिंह ने भाग लिया और मुकाबले में 5-0 से एकतरफा जीत हासिल की। कोच विनय कुमार ने बताया कि खिलाड़ी की प्रतिभा का लोहा पूरी एकेडमी मानती है और मैच में अपने उच्च स्तर के प्रदर्शन से साबित हो गया है कि खिलाड़ी भविष्य में भी ऐसे ही इतिहास रचेगा। वहीं बलवान सिहाग, दीपक कालीरमण, विपिन, संदीप, सर्विस, अमित, वजीर, सुरेन्द्र गोयत, वेदपाल, सुनील, सुरेन्द्र, देवेन्द्र, महिपाल, बलबीर, मंदीप, राजेश आदि ने हौसला बढ़ाया।



भिवानी। सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में विजय पताका लहराते हुए। फोटो : हरिभूमि

**तैयारी** स्वीप अभियान के लिए एडीसी को सौंपी जिम्मेदारी

## लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त किए नोडल एवं सहायक नोडल अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोकसभा चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर भारत निर्वाचन के आदेशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन किया है। अलग-अलग कार्यों के लिए 16 नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।



जिला निर्वाचन अधिकारी नरवाल ने मैनपावर प्रबंधन के लिए सीटीएम को नोडल अधिकारी और डीआईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार से ट्रेनिंग प्रबंधन के लिए सीईओ जिला परिषद को नोडल अधिकारी और सहायक ट्रेनिंग प्रबधंन के तौर पर एलआईसी से एएओ रमन शांडिल्य नियुक्त किया है। सामग्री प्रबंधन के लिए अधीक्षक अभियंता को नोडल अधिकारी और सहायक प्रबधंन के तौर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नियुक्त किया है। ट्रांसपोर्ट प्रबंधन के लिए आरटीए को नोडल अधिकारी, कम्प्यूटरीकरण साइबर सुरक्षा और आईटी प्रबंधन के लिए डीआईओ को नोडल अधिकारी तथा एसपी ऑफिस से साइबर सुरक्षा शाखा इंचार्ज को नियुक्त किया है। मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप अभियान के लिए एडीसी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था, ईवीएम और सुरक्षा प्लान के लिए एसपी को नियुक्त है। ईवीएम मशीन प्रबंधन के लिए अधीक्षक अभियंता पंचायती राज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। आदर्श आचार संहिता को सही ढ़ंग से लागू करने के लिए जिला राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी और जिला न्यायवादी को सहायत नोडल अधिकारी नियुक्त किया है ताकि चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाया जा सके।

**डीईटीसी को नोडल अधिकारी किया नियुक्त :** खर्च से संबंधित कार्य के लिए डीईटीसी-जीएसटी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं बैलेट पेपर, डमी बैलेट पेपर, ईटीबीपीएस एवं ईडीसी के लिए डीडीपीओ को जिला लेवल पर नोडल अधिकारी तथा विस स्तर पर एआरओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मीडिया प्रबंधन के लिए डीआईपीआरओ व कम्यूकेशन प्लान के लिए डीआईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### जिप सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त

मतदाता सूची प्रबंधन के लिए विस लेवल के लिए ईआरओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। हेल्पलाइन एवं शिकायत डेस्क प्रबंधन के लिए जिप सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। चुनाव निगरानी के लिए पर्यवेक्षक डीईटीसी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। खर्चा प्रबंधन के लिए इस्टेट आफिसर हुडा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।







# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

लाइफ Style




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेज़न प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

## खबर संक्षेप

### आदमपुर में 4-4 घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मंडी आदमपुर।** आदमपुर 132 केवी सब स्टेशन के तहत 11 केवी गांव आदमपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तीन दिनों के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए निगम के एसडीओ व जेइ ने बताया कि आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 11 केवी गांव आदमपुर फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बुधवार, वीरवार व शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी।

### 12 बोतल अवैध शराब सहित बाइक सवार काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए थाना आदमपुर पुलिस ने गांव किशनगढ़ चौक से एक मोटरसाइकिल सवार युवक को काबू कर 12 बोतल अवैध शराब बरामद की है। एएसआई संजीव ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव किशनगढ़ मेन चोक से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम खारा बरवाला निवासी नवीन कुमार बताया है।

### गाड़ी से 24 बोतल अवैध बीयर बरामद

**हिसार।** थाना अग्रोहा पुलिस ने गश्त के दौरान गांव चिकनवास से गाड़ी सवार एक युवक को 2 बॉक्स (24 बोतल) अवैध बीयर बरामद की। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गांव ठस्का निवासी योगेश बताया है।

### सट्टेबाजी करते दो आरोपियों को दबोचा

**हिसार।** थाना एचटीएम पुलिस ने गश्त के दौरान ठंडी सड़क से दो व्यक्तियों को सट्टेबाजी करते हुए काबू कर पर्चा सत्ता और सट्टे में प्रयोग 1050 रुपए बरामद किया। नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विशाल और संदीप बताया।

### छीना-छपटी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर पुलिस ने फोर व्हीलर चोक पर छीना झपटी कर रुपए छीनने के मामले में एक आरोपी सूर्य नगर हिसार निवासी गौरव को गिरफ्तार किया गया है। उप निरीक्षक बलदेव ने बताया कि थाना शहर हिसार में गांव मतलोढ़ा निवासी अजमेर सिंह ने शिकायत दी कि वह आजाद नगर हिसार में नेहरा सैटरिंग स्टोर पर नौकरी करता है।

### हनुमान जोहड़ी मंदिर में मनाया फाग महोत्सव

# श्रद्धालुओं ने बालाजी की पूजा अर्चना कर मांगीं मन्नतें

### 400 साल से मनाया जा रहा महोत्सव : महंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

हर वर्ष की भांति हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भारी तादात में श्रद्धालुण मंदिर में पहुंचे तथा बालाजी की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की मन्नत मांगी। महोत्सव के दिन मेले का भी आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उमड़े और जमकर खरीदारी भी हुई।

मेले में महिलाओं व बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। महिला व बच्चे ने जमकर खरीदारी की। महोत्सव की जानकारी देते हुए मंदिर के महंत चरणदास महाराज ने बताया कि होली पर्व के अगले दिन फाग पर हर वर्ष फाग महोत्सव मनाया जाता है, जिसमें देशभर से श्रद्धालु यहां पहुंचते है तथा बालाजी के दर्शन करते हैं, ये परंपरा करीबन 400 वर्ष पुरानी है, जिसे पूरी निष्ठा से निभाया जाता रहा है। इस मौके पर रमेश सैनी, विजय सिंहमार, पुजारी ध्यानदास, मंगलदास, बबलू जांगड़ा, सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।



भिवानी। फाल्गुन महोत्सव का अवलोकन करते महंत चरणदास महाराज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### होली पर्व स्नेह और प्रेम का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज : भिवानी



प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में ब्रह्मावत्सों ने राजयोगिनी बीके सुमित्रा व बीके आरती के मार्गदर्शन में उपस्थित ब्रह्मावत्सों ने होली महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। बीके सुमित्रा बहन ने उपस्थितजनों को होली का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि ये पर्व स्नेह, प्रेम व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली माना होली सो होली, होली मय आत्मा परमात्मा की होली, तीसरी होली है होली हंस होली माना पवित्रता, इसलिए बाबा कहते हैं होलियस्ट, हाईयेस्ट और रिचेस्ट ये होली का सही मतबल है अपनी कमी-कमजोरी-बुराईयों की होली जलाकर पवित्रता धारण करें। पवित्रता का मतलब महज ब्रह्मचारीय पालन नहीं है बल्कि पवित्रता के साथ-साथ पावन बनना। जब आप पावन पवित्र बनेंगे तो आपकी दृष्टि में किसी प्रकार का अवगुण या बुराई नहीं होगी। इस अवसर पर बीके बंटी, बीके शारदा, बीके सुशील, बीके संतोष, बीके सुनीता, बीके किरण, बीके संतरा, बीके मंजू व मीडिया प्रभारी बीके धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# हनुमान चालीसा पाठ किया

- लहर-लहर लहराएं रे झंडा बजरंगबली का....

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



भिवानी। सत्संग में प्रवचन देते कथावाचक स्वामी पूर्णेन्दु महाराज।

सोमवार शाम पूर्णिमा पर बाबा मुंगीपा पहाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में श्रीरामदूत हनुमान सेवा ट्रस्ट द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सहित भजन-संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान उपस्थित हनुमान भक्त भाव-विभोर होकर हनुमानजी की भक्ति में लीन दिखाई दिए। इस मौके पर पहुंचे कथावाचक स्वामी पूर्णेन्दु महाराज ने सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रटियो रे..., रामजी से राम राम कहियो कहियो हनुमान जी..., आज बृज में होली रे रसिया की प्रस्तुति दी। इसके अलावा लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंगबली का आदि भजनों के माध्यम से उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस दौरान हनुमानजी का भोग लगाकर उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर संजय बुड़ाकिया, नरेंद्र गोयल लालदास, विपिन गोयल, सत्यवान शयोराण, रूपेश बंसल, मुकेश अग्रवाल, मोहन तायल, ओमवीर गर्ग, रमेश बंसल, राहुल अग्रवाल, जय भगवान तायल आदि मौजूद थे।

# साझियां गल्ला क्लब सेक्टर 13 में मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



सेक्टर 13 की सांझियां गल्ला क्लब ने गीतांजलि एंक्लेव में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम प्रत्येक सदस्यों ने गुलाब के फूलों, रंग, गुलाल आदि का उपयोग कर होली मिलन को रंगीन बना दिया। उसके बाद रंगारंग प्रोग्राम होली नृत्य, गीत, संगीत, चुटकुले व कविताएं आदि करवाए गए।

क्लब के सदस्य संदीप वधवा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम सांझियां गल्ला कल्ब हर साल करता रहता है और आपस में खुशियां बांटता रहता है। क्लब के सभी बच्चों ने भी फूलों और रंगों से खेल कर बहुत आनंद लिया। समारोह के अंत में महेंद्र परुथी ने सभी सदस्यों को गेम भी खिलाएं। इस मौके पर नरेश नागपाल, संजय अरोड़ा,कमल चावला, मनप्रीत खन्ना, हरीश रहेजा, अभिषेक छाबड़ा, विनोद शर्मा, दीपक नागपाल, संजय मक्कर आदि मौजूद रहे।

# होली की मस्ती में झूमे क्षेत्रवासी

- डफ की थाप पर थिरकते युवाओं की टोली दिनभर कस्बे में घूमती रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल



क्षेत्र में होली पर्व व फाग का त्योहार धूमधाम, उल्लास व मस्ती भरे आलम में मनाया। आपसी वैर भाव भुलाकर लोगों ने एक दूसरे के साथ रंगों की होली खेली व गले लगकर बधाई दी। सार्वजनिक पार्क में गांव के मौजिज लोगों ने रात 11:15 बजे शुभ मुहुर्त पर प्रह्लाद को सुरक्षित निकालकर होलिका दहन की परंपरा निभाई। होली पर लोगों में पूरी मस्ती छाई रही। होली के दिन लोगों ने एक दूसरे पर रंग, गुलाल व अबीर डालकर खुशियां मनाना शुरू कर दिया था। वहीं सोमवार को पूरे कस्बे में युवाओं की मस्ती देखने लायक थी। एक गली से दूसरी गली मोहल्लों में हाथों में रंग की पिचकारी व गुलाल लेकर दौड़ रहे थे, जहां भी कोई मिला उसे ही रंग से सरोबार कर दिया। रामलीला मैदान से शुरू हुई डफ की थाप पर थिरकते युवाओं की टोली दिन भर कस्बे में घूमती रही। सोमवार शाम को श्रीश्याम मंदिर में श्याम भक्तों ने बाबा श्याम से फूलों की होली खेली। पुजारी जमोत्री तिवारी ने भक्तों को प्रसाद दिया।

# जटेला धाम में मनाया फाल्गुन पूर्णिमा महोत्सव

- साध संगत ने स्वामी नित्तानंद महाराज की प्रतिमा एवं पवित्र (जाल) वृक्ष के दर्शन किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। तपोभूमि जटेला धाम में फाल्गुन पूर्णिमा महोत्सव में प्रवचन देते महंत राजेंद्र दास महाराज। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को तपोभूमि जटेला धाम माजरा दूबलधन में फाल्गुन महोत्सव पूर्णिमा मेला पर बड़ी संख्या में साध संगत तपोभूमि जटेला धाम पहुंची। आठ किलोमीटर तक जाम की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस प्रशासन ने नियंत्रण में किया।

इस अवसर पर सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। साध संगत ने स्वामी नित्तानंद महाराज की प्रतिमा एवं पवित्र (जाल) वृक्ष के दर्शन किए और द्वीप प्रज्वलित किया। साध संगत को फरमाते हुए महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि जब बसन्त ऋतु आती है तब प्रकृति में स्वच्छता एवं सुन्दरता प्रदान होती है और जब सन्त महंत आते हैं, तब संस्कृति में सुधार आता है, इसलिए हमेशा संत महात्माओं कि संगत करनी चाहिए। सतगुरु के बिना जीव-आत्मा को भगवान की प्राप्ति सम्भव नहीं है। उन्होंने सभी सन्त-महात्माओं, साध संगत, जटेला धाम सेवा समिति एवं प्रशासनिक अधिकारियों का तपोभूमि जटेला धाम में पहुंचने पर आभार जताया।

### जेसीआई ने गोवंश की सेवा कर मनाया होली मिलन समारोह,




भिवानी। जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा होली मिलन समारोह अनूठे तरीके से मनाया। होली पर आमजन को एक अलग संदेश देने के उद्देश्य से जेसीआई भिवानी स्टार के सदस्यों ने प्राजेक्ट डायरेक्टर राजु सोनी व मनोज सैनी के नेतृत्व में हालुवास रोड स्थित नंदीशाला में गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था कर गौवंश की सेवा कर होली मिलन समारोह मनाया। होली की पूर्व संस्था के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल, आबीर लगाकर होली पर्व की खुशियां भी सांझा की। जेसीआई के सचिव जेसी कपिल शर्मा ने कहा कि लोग होली पर्व पर पानी की बर्बादी करती है, जो न केवल गलत, बल्कि भविष्य के लिए खतरनाक है, इसीलिए आमजन को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से गोवंश की सेवा कर होली मिलन समारोह मनाया है। उन्होंने कहा कि त्यौहार या खुशी के मौके पर बेजुबान जानवरों की सेवा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए।

# विरेंद्र बौंद को किया सम्मानित

- संत ओघड़नाथ रागनी कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समां
- संत ओघड़नाथ रागनी कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



भिवानी। प्रसिद्ध हारमोनियम वादक विरेंद्र शर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

गांव बौंदकलां में संत ओघड़नाथ के मेले का आयोजन किया। मेला कमेटी ने भंडारे व रागनी कार्यक्रम का आयोजन करवाया। भंडारे में बौंदकलां व आसपास क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और संतों का आशीर्वाद लिया।

रागनी कार्यक्रम में कलाकार प्रवीन रानीला, महाशय राजेश थुरानिया, दीपक चिड़िया, सुरेश निंदानिया ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। प्रसिद्ध हारमोनियम वादक विरेंद्र शर्मा बौंद को उनकी उपलब्धियों के लिए मेला कमेटी, ग्रामीणों व संस्कृति प्रेमियों ने गद्दा व 51 सौ रुपये नकद भेंट कर हरियाणा केसरी हारमोनियम वादक का सम्मान दिया। ग्रामीणों ने कहा कि विरेंद्र ने गांव बौंद व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

रागनी में हर कलाकार को शुरूआती राउंड में एक एक रागनी सुनाने का अवसर दिया। महाशय राजेश थुरानिया ने अपने पहले राउंड में च्यवन ऋषि सती सुकन्या के किस्से की रागनी, दीपक चिड़िया ने महाभारत, प्रवीन रानीला ने जयमल फत्ता, सुरेश निंदानिया ने चंद्रहास के किस्से की रागनी सुनाई। कमेटी ने कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया और सभी ग्रामीणों, सहयोगियों व आसपास क्षेत्र दर्शकों का आभार जताया। दर्शकों ने कार्यक्रम की सराहना की। रागनी कलाकार सुरेश निंदाना, दीपक चिड़िया, प्रवीन रानीला ने भी रंगकाट मुकाबलों में अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। आयोजन समिति ने मेले में आए संतों का सम्मान किया और सभी दान दाताओं का आभार जताया।

# विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति किया जागरूक



चरखीदादरी। मटका दौड़ में हिस्सा लेकर मतदान के लिए जागरूक करते महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

- सिर पर श्लोगन लिखे मटके लेकर महिलाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

देश में 18 वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव 2024 का ऐलान हो चुका है। प्रदेश में जहां 25 मई को मतदान होना है वहीं चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मतदाता जागरूकता अभियान गति पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को दादरी विधानसभा क्षेत्र के गांव अटेला खुर्द के राजकीय वमा विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर एडीसी डॉ. जयेंद्र छिल्लर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि हमें दो बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना है, एक तो ऐसे युवा जो 18 वर्ष के हो चुके, जिनका वोट नहीं बना है, उनका वोट बनवाते हुए वोटर लिस्ट में जुड़वाना तथा दूसरा जिनका वोट बना है उनका वोट डलवाते हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। इस क्षेत्र में पिछले आम चुनाव में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसे पुरजोर प्रयास करते हुए हरसंभव बढ़ाना है। हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा तभी हम एक अच्छी और सुव्यवस्थित सरकार बना पाएंगे। उन्होंने विद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### मतदान का महत्व बताया

एडीसी छिल्लर ने स्कूल के विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया से अवगत करवाते हुए उन्हें लोकतंत्र में मतदान का महत्व के बारे भी जानकारी दी। विद्यार्थियों ने मतदान पर प्रस्तुत रागनी 'हे मतदाता मेरी मान तू उसको देणा वोट, जिसके चाल चलन में ना हो किसै तरह का खोट', के द्वारा मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्होंने रागनी माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य भी किया।

### मटकी पर श्लोगन लिखवाकर गांव में निकाली जागरूक रैली

महिलाओं ने मताधिकार संबंधी स्लोगन लिखे मटके सिर पर उठाकर गांव में मतदान के प्रति महिलाओं को जागरूक कर प्रचार प्रसार किया। 56 दादरी की नोडल अधिकारी राजबाला फौगाट के नेतृत्व में चलाए कार्यक्रम में पहुंचे स्वीप टीम सदस्य जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. सतीश साहू, राजबीर सिंह, पीकन सांगवान, इंदु गुलिया व जागृति डीपीई ने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, आसपास गांव मोहल्ले में मतदाताओं को जागरूक करने का आग्रह किया।

### सामान लेने जा रही महिला को तेज रफ्तार कार ने कुचला

**हिसार।** दुकान पर सामान लेने गई एक महिला को फाग के दिन तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। घटना सेक्टर-15 एरिया की है। घायल महिला को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते अग्रोहा मेडिकल रेफर कर दिया गया। वहां उसने उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर कार चालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मूलरूप से गंगवा की देवी लाल कॉलोनी में रहने वाले जयपाल ने बताया कि वह पत्नी अंगूरी के साथ सेक्टर 15 में किराये के मकान पर रहता है।

### अलौकिक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# रिश्तों में मजबूती के लिए सहनशीलता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं व मौजूद बीके बहने।

रिश्तों में मजबूती के लिए आपसी प्रेम, धैर्य व सहनशील होना बहुत जरूरी है, तभी घर परिवार व समाज को भी सुदृढ़ बना सकते हैं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में आयोजित /"अलौकिक होली स्नेह मिलन/" कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा टोलरेंस पावर सहनशीलता की शक्ति नहीं होने से रिश्ते टूट रहे हैं, घर परिवार हो या ऑफिस सब जगह आपसी रिश्ते बिगड़ने का मुख्य कारण टोलरेंस पावर की कमी है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि टोलरेंस पावर ही आपसी रिश्तों की नींव और आधार है। उन्होंने कहा जब तक हम खुद न चाहे कोई हमें हर्ट नहीं कर सकता, अपने अनुसार जो सही समझते हैं, बोल सकते हैं, झूठ बोल, धोखा दें, गलत व्यवहार कर, चिल्ला कर रो सकते हैं। एक दूसरे का अनादर व अपमान कर सकते हैं, बीती और व्यर्थ बातों को पकड़कर रखते हैं जिसकारण एक दूसरे से नाराज रहते हैं, नाराजगी भी एक मन से रोना है। ये सब बातें हमारे आपसी संबंधों को खराब कर सामाजिक रिश्तों को तोड़ने का कार्य करती हैं। ब्रह्माकुमारी वसुधा ने कहा कि अगर हम रिश्तों को मजबूत बनाने चाहते हैं तो मेडिटेशन का नियमित अभ्यास कर टोलरेंस पावर सहनशक्ति को बढ़ाना होगा, तभी आपसी रिश्तें सुधरेंगे। इस अवसर पर कुमारी नव्या की टीम ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। म्यूजिकल चेयर, मटकी फोड़ खेलों के द्वारा जल संरक्षण व नशा मुक्त जीवन शैली का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व पुलिस अधिकारी रामकुमार बडराई, रामबास सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा, बैंक अधिकारी ईश्वर सिंह कान्हड़ा, सूबेदार रोहतास सांगवान कुब्जानगर, प्राध्यापक रवि पिचौपा खुर्द, कृष्ण बडेसरा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सद्भाव और एकता का संदेश देती होली : पोपली

**भिवानी।** कृष्णा कॉलोनी में जामपुर सेवा समिति द्वारा होली पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को होलिका दहन व होली पर्व की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल व आबीर लगाकर होली पर्व की बधाई दी। समिति के प्रधान गोपाल कृष्ण पोपली ने कहा कि होली का पर्व रंगो के खेल के साथ-साथ राधा और कृष्ण के प्रेम का उत्सव भी है, जो होली के त्यौहार के मूल में छिपा है। उन्होंने होली का त्योहार अपने आप में अनुपम एवं अद्वितीय है, ये हमें आपसी सद्भाव एकता के साथ रहने का संदेश देता है।

### होली भाईचारे एवं आपसी सौहार्द का पर्व : मिड्ढा

**भिवानी।** होली रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे एवं आपसी सौहार्द का सबसे बड़ा पर्व माना जाता हैं, जिसे पूरे देश बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस पर्व पर हम सभी को आपसी भेदभाव भूलाकर आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए, ये बात जगत कॉलोनी स्थित जगत कालोनी मित्र मंडल द्वारा आयोजित होली दुल्हेंडी महोत्सव के शुभारंभ पर मंडल के संरक्षक समाजसेवी अर्जुनदास मिड्ढा ने कही। मंडल के सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल व गले लगाकर त्योहार मनाया और बधाई दी।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर बर्बरता पूर्ण कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ : गीता

# दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन



**भिवानी।** शहर में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता व लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ताओं को रोकते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ भाजपा की तानाशाही का खात्मा अरविंद केजरीवाल करेंगे।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष गीता श्योराण लाखलाण के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ मंगलवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि भाजपा की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल करेंगे।

आप जिलाध्यक्षा गीता ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है तथा भाजपा की केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है, लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी। आप जिलाध्यक्षा ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास का घेराव करने गए तो पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की, जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है। आप कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन कर केजरीवाल की गिरफ्तारी व पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई का विरोध व निंदा की। आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



**भिवानी।** एसडीएम कार्यालय में सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते एसडीएम सुरेश कुमार।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को बाढ़ड़ा में स्थापित किए सेल्फी प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा, जिसमें अधिक से अधिक मतदाता एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रशासन तैयारी में जुटा हैं तथा वोटरों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय चरखी दादरी ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को नई पहल की है। बाढ़ड़ा विधानसभा के अंतर्गत एसडीएम कार्यालय और सरल केंद्र बाढ़डा में मंगलवार को सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की गई है। सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी एवं एसडीएम सुरेश दलाल ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर तहसीलदार बाढ़डा महिमा, नायब तहसीलदार अमित कुमार और स्वीप टीम बाढ़ड़ा के नोडल जलकरण उपस्थित रहे। एसडीएम दलाल ने स्वीप टीम को निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ व गांव में मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वृद्ध, महिला, युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ पर आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के लिए विशेष आवश्यकता वाले मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध करवाई है। स्वीप टीम के माध्यम से दिव्यांग व वृद्धजन मतदाताओं तक संदेश पहुंचना चाहिए कि मतदान केन्द्र पर रैम्प सुविधा, वृद्धजन को मतदान के लिए सहायक, दिव्यांग को व्हील चेयर, दिव्यांग को मतदान करने में प्राथमिकता व होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य सुंदरपाल फोगाट, हरपाल आर्य, रविंद्र जाखड़, हरबीर, बलवान व जसवंत आदि उपस्थित रहे।

## सड़क लेवल को लेकर ग्रामीणों ने अभियंता से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ गांव दिनोद तक बनाई जा रही सड़क पहले के लेवल से एक से डेढ़ फुट ऊंचा की
■ सड़क का लेवल ऊंचा होने के कारण पानी की निकासी नहीं होगी

गांव देवसर मोड़ से लेकर गांव दिनोद तक बनाई जा रही सड़क पहले के लेवल से एक से डेढ़ फुट ऊंचा किए जाने के विरोध में गांव देवसर के ग्रामीण कर्णसिंह, अनिल, सपताल, उमां तंवर, सौरभ आदि ने पीडब्ल्यूडी बीएंड आर विभाग के कार्यकारी अभियंता को शिकायत पत्र सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव देवसर मोड़ से लेकर दिनोद तक जो सड़क बनाई जा रही, उसका लेवल पहले से एक से डेढ फुट ऊंचा किया जा रहा है, जो गलत है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क का लेवल ऊंचा करने से गांव की गलियां, साथ लगाता नाला, मकान व दुकान नीचे पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की हिदायत अनुसार जो सड़क बनाई जा रही है, उसे पहले वाले लेवल के अनुसार ही बनाया जाए, जिससे ग्रामीणों का नुकसान होने से बच सके। अगर सड़क को ऊंचा उठाया तो ग्रामीणों के घरों को भारी नुकसान होगा तथा सड़क का लेवल ऊंचा होने के कारण बरसात के समय में बरसाती पानी घरों से अंदर घुस जाएगा।

## 20 साल पुरानी पाइप लाइन हुई दुरुस्त

■ 90 प्रतिशत समस्या का हुआ इलाज, 10 प्रतिशत को जल्द करेंगे पूरा : जेई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



पिछले काफी वर्षों से पीने के पानी की साफ सप्लाई की बजाय गंदे पानी की सप्लाई की बार बार मिल रही शिकायतों पर असर नहीं होने और बवानीखेड़ा हलका विधायक बिसंबर वाल्मीकि को मंत्रिमंडल में स्थान मिलते ही कस्बा की समस्याओं का निदान होने लगा है, जिसे लेकर पिछले कई दिनों से जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों ने गंदे पानी की सप्लाई को ढूंढ़ते हुए नजर आए और समस्या के करीब पहुंच चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यूं तो पूरे कस्बा में सीवरेज व पीने के पानी व्यवस्था चरमराई हुई हैं। बार बार विभाग को कस्बावासी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। वहीं वार्ड 14,15 गंदे पानी की शिकायत थी, जिसको लेकर वार्डवासियों में अमरदीप यादव, राजेंद्र यादव, जसवंत, लीलाराम, रणवीर, जगदीश, लालचंद, रोहताश, दलबीर, धीरज, केला देवी, संतोष आदि ने समाजसेवी उमेश भारद्वाज संग मिलकर नवनियुक्त मंत्री बिशंबर वाल्मीकि को समस्या के बारे में अवगत करवाया और मंत्री वाल्मीकि ने स्वयं विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर समस्या का समाधान करने के आदेश दिए। आदेश प्राप्त होते हुए विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वार्ड 14 व 15 में जाकर इसकी जांच की। टीम ने जांच में पाया कि लगभग 20-25 साल पुरानी पीवीसी की लाइन गंदे पानी की जोहड़ी से कनेक्ट थी और कर्मचारियों व अधिकारियों के आदेश पर उसे बंद करवाया।

### संघ कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन कल

**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ संबंद्ध अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर राज्य कमेटी के निर्णय अनुसार प्रदेशभर में ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन की जानी निश्चित हुई है। ब्लॉक स्तरीय कन्वेंशन महम रोड स्थित संघ कार्यालय में 28 को की जाएगी, जिसकी वतैयारियों को लेकर जिला कमेटी की टीम ने प्रधान सूरजभान जटासरा, ब्लॉक प्रधान सुशील आमलपुर के नेतृत्व में बीएंडआर, इरीगेशन, पब्लिक हेल्थ, वन विभाग, रोडवेज, नगर पालिका, बिजली बोर्ड आदि विभागों का दौरा कर कर्मचारियों को निमंत्रण दिया।

## दमकौरा के मंदिर में त्रिवेणी लगाई



**भिवानी।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में युवाओं ने गांव दमकौरा स्थित गोगाजी मंदिर प्रांगण में त्रिवेणी रोपित की।

इस दौरान युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य करने की शपथ ली। हवलदार नेहरा ने कहा कि पेड़-पौधें मानव जीवन का अभिन्न अंग है, इनके बिना जीवन असहज हो जाता है, इसीलिए हमें ना केवल अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा, बल्कि रोपित किए पौधों के पेड़ बनने तक की जिम्मदवारी भी उठानी होगी। उन्होंने कहा कि हर इंसान व पशु तक ऑक्सीजन का संचार निरंतर बना रहे तथा इसके लिए युवाओं को अपनी अहम जिम्मेवारी निभानी होगी। प्रत्येक जन को चाहिए कि वे किसी भी कार्यक्रम पर पौधरोपण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सकारात्मक संदेश मिले। इस अवसर पर विक्रम, समुद्रसिंह, राजेंद्र, संजय, सचिन, अशोक, देवेंद्र, कमल सिंह, सुमेर सिंह, सामेबीर, विक्रम, अमित, जैन कुमार, बलवान, विजय, बबूल मेहरा आदि मौजूद रहे।

## पोस्टर मेकिंग में अनु और नारा में आंचल प्रथम



**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में समाजशास्त्र के तत्वावधान में विभागाध्यक्षा प्रोफेसर मनजीत के मार्गदर्शन में आधुनिक समाज में परिवार का महत्व विषय पर निबंध लेखन व नारी शक्ति विषय पर नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

प्राचार्य ने महिला सशक्तिकरण के सपने को सच करने के लिए लड़कियों के महत्व और उनकी शिक्षा को प्रचारित करने की जरूरत के बारे में बताया। प्रोफेसर मनजीत ने परिवार को जीवन का आधार बताया और आधुनिक समाज में परिवार को बदलते स्वरूप पर चर्चा की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अनु ने प्रथम, रीतिका ने द्वितीय और दृष्टि ने तृतीय स्थान जीता। नारा लेखन में आंचल ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निबंध लेखन में जगवंती ने प्रथम, मोनिका ने द्वितीय और आँचल ने तृतीय स्थान जीता। निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर सतविंदर चौहान, प्रोफेसर धर्मपाल व प्रोफेसर सरोज ने निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर रेखा शर्मा, प्रोफेसर ईशा, प्रोफेसर अनिल कुमार, प्रोफेसर नरेंद्र, प्रोफेसर सुनीता आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

## ऑकवुड स्कूल में सात दिवसीय शिविर संपन्न

■ किताबी ज्ञान से हटकर रचनात्मक कार्यो में भागदारी जरूरी : भारद्वाज

**भिवानी।** वार्षिक परीक्षाओं के तनाव को दूर करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से स्थानीय ऑकवुड स्कूल में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया, जिसका मंगलवार को समापन हो गया। शिविर के दौरान करीबन 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा रचनात्मक अभिव्यक्तियों को निखारने का प्रयास किया। शिविर के दौरान डांस, हैंडराइटिंग तथा स्पोकन इंग्लिश पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को तनाव मुक्त रखना तथा उनके खाली समय को रचनात्मक रूप देना हैं, आज का दौर चुनौतियों और प्रतिस्पर्धा का भरा हुआ है, ऐसे में अब विद्यार्थियों के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान आवश्यक नहीं है, उन्हें किताबी ज्ञान से अलग हटकर रचनात्मक कार्यो में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह, मैनेजमेंट सदस्य विक्रम राणा, मानवेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। विक्रम राणा ने स्वस्थ तन मे स्वस्थ दिमाग का निवास होता है, उक्ति के माध्यम से शारीरिक फिटनेस का महत्व समझाया। सभी बच्चों को चॉकलेट भेंट कर तथा विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जुंबा डांस में जीविका नृत्य में तन्वी व काव्यांश,राइटिंग में अंश व चारवी तथा इंग्लिश स्पोकन में हर्ष व सारिका को सम्मानित किया।

